महत्वपूर्ण/तत्काल

संख्या- /9-3-2024

प्रेषक,

अरविन्द कुमार गिरि,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,,
उ0प्र0 जल निगम (नगरीय),
लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-3 **लखनऊ दिनांक फरवरी, 2024**

विषयः-उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) के जूनियर इंजीनियर (सिविल) वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 ग्रेड-पे रू0 4200 एवं जूनियर इंजीनियर (वि0/यां0) वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 ग्रेड-पे रू0 4200 के रिक्त पदों का चयन उ0प्र0 अधिनस्थ सेवा चयन आयोग से कराये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) के पत्र संख्या-90/अ-2/2151-0012/2024, दिनांक 01 फरवरी, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जूनियर इंजीनियर (सिविल) संवर्ग के 129 पदों एवं जूनियर इंजीनियर (वि0/यां0) संवर्ग के 26 पदों पर उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भर्ती कराये जाने हेतु शासन स्तर से अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर (सिविल) वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 ग्रेड-पे रू0 4200 के 129 रिक्त पदों तथा जूनियर इंजीनियर (वि0/यां0) वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 ग्रेड-पे रू0 4200 के 26 रिक्त पदों पर उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भर्ती कराये जाने की अनुमति निम्नलिखित शर्तों /प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है:-

(1) उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाएगा कि उक्त भर्ती में कोई विधिक बाधा नहीं है।

(2) उक्त भर्ती के कारण उत्पन्न समस्त व्ययभार उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) द्वारा अपने श्रोतों से वहन किया जाएगा।

कृपया उक्तानुसार प्रकरण में नियमानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(**अरविन्द कुमार गिरि**)
अनु सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि सचिव, उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से,

/

(अरविन्द कुमार गिरि),
अनु सचिव।